# सदर के विधायक अपनी भाजपा सरकार में जीरो, कांग्रेस की सरकार में बन रहे हैं हीरो : भूपेंद्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक अनिल शर्मा द्वारा शनिवार को प्रेस वार्ता में मंडी में भाजपा की सरकार के समय जो काम नहीं हुए थे उन्हें वे अब कांग्रेस सरकार के समय मुख्यमंत्री से अपने पुराने रिश्तों के आधार पर तेजी से पूरा करवाएंगें। इस ब्यान पर माकपा ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है और कांग्रेस सरकार से इस बारे स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। माकपा राज्य कमेटी सदस्य भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सदर के विधायक पूर्व भाजपा सरकार में मंत्री थे लेकिन अपने पुत्रमोह में फं से होने के कारण पांच साल भाजपा की सरकार होते हुए भी



कोई विकास नहीं करवा पाये और पांच साल मुंह बंद रखा लेकि? अब जब उनकी पार्टी सत्ता से बाहर हो गई है तो विकास करवाने के लिए वर्तमान मुख्यमंत्री से अपने पुराने रिश्तों की दुहाई दे रहे हैं।यही नहीं उन्होंने मीडिया में तो यहां तक कह दिया कि मुख्यमंत्री सुखू उनके पिता स्वर्गीय सुखराम के

> 8 भूपेंद्र सिंह ने कहा है कि वे लगातार शहर में रेहड़ीधारकों की रोजी रोटी छीनने का काम कर रहे है

पदचिन्हों पर आधारित कार्य कर रहे हैं और वे उन्हें और उनके सुझावों को गंभीरता से लागू करने के लिए तैयार हैं। भूपेंद्र सिंह ने इस बारे कांग्रेस पार्टी की सरकार और स्थानीय नेताओं से भी इस बारे स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।उन्होंने कहा कि वर्तमान में भाजपा के विधायक मंडी नगर निगम जिसमें भाजपा का बहुमत है अब उसका सहारा लेकर कई तरह के प्रस्ताव पारित करवा रहे हैं और इसके माध्यम से आजकल राजनीति कर रहे हैं। यही नहीं उन्हीं के कहे अनुसार निगम के आयुक्त सारे फैं सले ले रहे हैं।भूपेंद्र सिंह ने विधायक से भी ये सवाल पूछा है कि वे लगातार शहर में रेहड़ीधारकों की रोजी रोटी छीनने का काम कर रहे हैं और पिछले कल भी उन्होंने कहा है कि शहर में रेहडि?ों की संख्या कैसे बढ़ रही है तो इसका जबाब उन्हीं को देना होगा कियूंकि वे ही यहां के विधायक हैं और सरकार भी उन्हीं की थी।दूसरा उनको संसद द्वार वर्ष 2014 में बनाये स्ट्रीट वेण्डर्ज एक्ट का भी अध्ययन कर लेना चाहिए जिसमें किसी भी शहरी क्षेत्र की कुल आबादी का अढ़ाई प्रतिशत तक रोजगार वेण्डर्ज को देने का प्रावधान है और उसी के तहत मंडी शहर में भी रेहडियों को लगाया गया है जिन्हें वे गैर कानूनी तौर पर कमिशन्नर पर दबाब बना कर हटवाना चाहते हैं। लेकिन उनको और कमिशन्नर को पहले इस कानून को पढ़ लेना चाहिए तभी कोई कार्यवाई करनी चाहिए अन्यथा कोर्ट और मजदूरों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। विधायक के कहे अनुसार ही तीन दिन पहले रेहडियों को सकोढी पुल के वैंडिंग क्षेत्र से हटाने का गैर कानूनी प्रक्रिया के तहत फैसला किया गया था जो अब हाई कोर्ट में पहुंच गया है और मजदूर इसके खिलाफ आंदोलन भी करेंगे।

यही नहीं आज यूनियन इस बारे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू को मंडी दौरे के दौरान माँगपत्र भी सौंपेंगी।

# बढ़ेगा सहकारी सभाओं का लाभांश :केशव

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

राज्य सहकारी बैंक के निदेशक मंडल के चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस बार मंडी जिला से दो निदेशक चुन कर जाने हैं। मंडी जिला को मंडी जोन व सुंदरनगर में जोन में बांटा गया है।

दोनों ही जोन से नाम वापसी के बाद चुनाव लडने. वाले प्रत्याशियों की तस्बीर भी साफ हो चुकी है। अब 4 मई को दोनों जोन में वोटिंग भी होनी है। उधर, सुंदरनगर जोन से चुनाव मैदान में उतरे बैंक के पूर्व निदेशक एवं प्रदेश कांग्रेस सचिव केशव नायक अपने चुनाव प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं। सहकार क्षेत्र में लंबे अनुभव और पहले भी बैंक का निदेशक रहने के कारण उन्हें सहकार मतदाताओं का समर्थन भी प्राप्त है। केशव नायक ने कहा है कि आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश में सहकार क्षेत्र बहुत अहम स्थान पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह भी सहकार क्षेत्र को लेकर काफी गंभीर हैं और इस क्षेत्र को एक नई दिशा देना चाहते हैं। उनकी नीतियों पर आगे बढ़ते हुए सहकार क्षेत्र में अगले कुछ समय में एक क्रांति आएगी। उन्होंने कहा कि निदेशक बनने के बाद उनका पहला काम सहकारी सभाओं का लाभांश बढ़ाना होगा। पूर्व में जब वह बैंक निदेशक थे और प्रदेश में कांग्रेस सरकार थी, तो उस समय लाभांश 12 प्रतिशत से 15 प्रतिशत किया गया था। अब इसे 20 प्रतिशत किया जाएगा।

इसके साथ ही बैंक में सहकारी सभाओं के सचिवों व कर्मचारियों के कोटे की रूकी पड़ी भर्ती को भी फिर से शुरू करवाया जाएगा। पूर्व में उनके समय सहकारी सभाओं के 36 कर्मियों को बैंक में भर्ती किया गया है। इसी तरह से उनके समय में रखे गए 150 पार्ट टाइम कर्मचारियों को निदेशक बनने के बाद नियमित करवाया जाएगा।

केशव नायक ने कहा कि सहकार क्षेत्र राजनीति से बहुत ऊपर है, लेकिन कुछ लोग इसमें राजनीति जोडने. का प्रयास कर रहे हैं, जोकि सही नहीं है। सहकारी सभाएं तभी तरक्की कर सकती हैं, जब उन्हें समाज के हर वर्ग का सहयोग मिले जबकि कुछ सहकार क्षेत्र को भी अपनी राजनीति की तरह चलाना चाहते हैं जिसका जबाब उन्हें चुनाव में सहकार जन जरूर देगें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भी इसी व्यवस्था परिवर्तन की बात कर आगे बढ़ रहे हैं और उनकी नीतियों पर ही आगे बढ़ते सहकार क्षेत्र नये आयाम स्थापित करेगा।

## न्यूज फ्लैश

### डॉ. बिंदल के प्रयासों से मेडिकल कॉलेज में सामुदायिक चिकित्सा विषय में पोस्ट ग्रेजुएशन को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी राकेश गर्ग ने कहा है कि डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज में सामुदायिक चिकित्सा विषय में पोस्ट ग्रेजुएशन को मंजूरी मिलना पूर्व विधायक डॉ. राजीव बिंदल की देन है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पूर्व सरकार के समय में प्रयास शुरू हो गए थे जिसके लिए डॉ. राजीव बिंदल द्वारा कई मर्तबा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ प्रचार भी किया गया था। उन्होंने कहा कि इससे पहले नाहन मेडिकल कॉलेज में पोस्ट ग्रेजुएशन की सुविधा नहीं थी ऐसे में अब यह सुविधा मिलना खुशी की खबर है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक के आग्रह पर ही राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की टीम ने नाहन मेडिकल कॉलेज का दौरा कर इस से संबंधित औपचारिकताओं को जांचा था जिसके बाद यहां सामुदायिक चिकित्सा विषय में पोस्ट ग्रेजुएशन को अब मंजूरी प्रदान हुई है।

### चुवाड़ी में धूमधाम से मनाया गया श्री परशुराम जन्मोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने चंबा जिला के भटियात विधानसभा क्षेत्र के चुवाड़ी में ब्राह्मण कल्याण परिषद भटियात द्वारा आयोजित श्री परशुराम जन्मोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।अपने संबोधन में भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि धरती पर विसंगतियों और विषमताओं को दूर करने के लिए भगवान अवतरित होते रहे हैं। परशुराम भगवान भोलेनाथ के परम भक्त थे। परशुराम जी का जन्म धरती पर हो रहे अन्याय, अधर्म और पाप कर्मों का विनाश करने के लिए हुआ था। उन्होंने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में अपना 6वां अवतार लिया था। उन्हें सात चिरंजीवी पुरुषों में से एक माना जाता है। वे भगवान शिव के कठोर साधक थे। भगवान शिव-शंकर ने प्रसन्न होकर उन्हें कई अस्त्र-शस्त्र सहित परशु भी प्रदान किया था। परशु धारण करने की वजह से उनको परशुराम कहा गया। सद्भावना और भाईचारे की आवश्यकता को सामाजिक संतुलन का आधार बताते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र में आवश्यकता के अनुरूप विकासात्मक योजनाओं के क्रियान्वयन का भरोसा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों का कल्याण सुनिश्चित बनाया जा रहा है। विकास कार्यों का जिक्र करते हुए स्वास्थ्य शिक्षा, सडक, निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित बनाने की बात भी कुलदीप पठानिया ने कही। उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से विभिन्न विभागों के मंडल स्तरीय कार्यालय खोले जाएंगे जिसमें सिविल कोर्ट भी शामिल रहेगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने सुनी समस्याएं

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने लोगों की समस्याएं भी सुनी अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कर दिया और शेष समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। कार्यक्रम में एसडीएम सुनील कैंथ, खंड विकास अधिकारी

# हरलोग तथा इसके साथ लगते कई इलाकों में पानी की हो सकती है किल्लत : रविंद्र रनौत

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

कोलडैम से जंगल ब्रांस स्टोरेज टैंक से आगे कुछ स्थानों से हो रही लीकेज तथा पानी के भारी रिसाव की मरम्मत को लेकर आगामी करीब तीन दिनों तक हरलोग तथा इसके साथ लगते कई इलाकों में पानी की किल्लत हो सकती है।

कंदरौर तथा कुछ और स्थानों पर पानी की लीकेज हो रही है। इसकी दुरूस्ती को लेकर विभाग ने मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। यह जानकारी देते हुए जल शक्ति विभाग सब डिवीजन कंदरौर के सहायक अभियंता रविंद्र रनौट ने बताया कि लीकेज

को रोकने के लिए काम युद्धस्तर पर चला है इस कारण हरलोग, चलैहली, जबल्याणा, नैण गुजरां, मल्यावर, गैहरा, बल्हचुराणी, कुहमंझवाड़ तथा रोहिण आदि स्थानों पर सोमवार से लेकर बुधवार तक पानी की आपूर्ति बाधित हो सकती है। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# सिरमौर में बारिश और तूफान के बावजूद गेहूं ढाई गुना ज्यादा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

भारी बारिश और तूफान के बावजूद गेहूं उत्पादन में जिला सिरमौर का कृषि विभाग बेहतर साबित हुआ है। बीते वर्ष जहां जिला में एमएसपी के अनुसार केवल 17 आरह हजार क्विंटल गेहूं ही पैदा हो सकी थी। वहीं इस बार 45 से 50 हजार क्विंटल के बीच पैदावार होने की पूर्ण संभावना है।इसकी बड़ी वजह किसानों को सही समय और बेहतर बीज कृषि विभाग के द्वारा उपलब्ध कराया जाना माना जा रहा है। हालांकि खड़ी फसल पर भारी बारिश के असर के चलते केवल 10 सीड उत्पादन पर फर्क पड़ सकता है मगर बीते वर्ष की तुलना में इस बार का



उत्पादन ढाई गुना से अधिक होने की उम्मीद है।तूफान और बारिश के चलते गेहूं की ग्रेडिंग में फ र्क पड़ सकता है जिसके लिए किसान पहले से तैयार है। बता दें कि जिला सिरमौर में करीब 24,000 हेक्टेयर जमीन पर गेहूं उगाई जाती है। यहां सबसे बड़ा किसानों और कृषि विभाग का दुर्भाग्य यह कहा जा सकता है कि जो उपजाऊ जमीन सीड मल्टीप्लाई के लिए उपलब्ध थी वह सैकड़ों बीघा जमीन आईआईएम और आईआरबी को चली गई है। बावजूद इसके कृषि विभाग के द्वारा इस बार 7000 हेक्टेयर बीज के लिए रणनीति तैयार की गई है। कृषि विभाग ने इसके लिए किसानों और अपने सरकारी फॉर्म को चुना है। अब यदि विभाग के पास अपनी पहले वाली जमीन उपलब्ध होती तो ना केवल जिला सिरमौर में उगाई जाने वाली गेहूं बेहतर होती बल्कि ब्रीडर सीड को मल्टीप्लाई करने की भी कोई परेशानी ना होती।बताना जरूरी है कि पिछले से पिछले वर्ष 36,000 क्विंटल पिछले वर्ष 17 से 18,000 क्विंटल गेहूं का उत्पादन ही हो पाया था। पिछले वर्ष गेहूं के उत्पादन कम होने की बड़ी वजह मौसम को माना गया है। पिछले वर्ष समय से पहले ही अधिक गर्मी के चलते गेहूं पक गया था। मगर गेहूं में समय से पहले तैयार होने पर उसमें वजन नहीं रहा था।

# मन्दिरों में चोरियों का सिलसिला फिर जारी

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/ विजय समयाल**

हिमाचल प्रदेश जिला कांगड़ा के ज्वाली में चोरियों का सिलसिला फि र हुआ जारी, कैहरियां शिव मंदिर में हुई चोरी शिव के गले से तांबे का नागएदान पात्र जहां तक कि चोरों ने छोटी छोटी अलमारियों के लोहे के ढक्कनों को भी चोरों ने नहीं छोड़ा। आपको बता दें कि शिव मन्दिर के साथ लगती पकने वाली माता के मन्दिर में भी चोरों ने किया चोरी का प्रयास परन्तु चोरों को नाकामी हुई हासिल, यह घटना तकरीबन दो दिन पहले की है। तो वहीं दूसरी तरफ ज्वाली के मिनी हरिद्वार के पास शिव मन्दिर में भी



चोरी हुई है वहां पर चोरों ने दान पात्र का ताला तोड़ा है। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है चोरी करने वाली पुरानी गैंग इक्टिव हुई है। आज तो यह चोर मन्दिरों को निशाना बना रहे हैं पर वो दिन दूर नहीं जब चोर लोगों के घरों तक पहुंच जाएगें।मन्दिर विश्वों दान में इससे पूर्व 2022-2023 में गत दो बरसों में पांच चोरियां हुई है। सभी के ताले लोहे की राख से तोडे गये थे।

## घर में घुसकर महिला से मारपीट, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुलिस चौकी संतोषगढ़ के तहत वार्ड नंबर चार की एक महिला ने पड़ोस के ही एक व्यक्ति पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अंजना देवी निवासी वार्ड नंबर चार संतोषगढ़ ने बताया कि मैंने अपने मकान का कार्य लगा रखा है। गत शाम पड़ोस का ही हरविन्द्र सिंह उर्फ काकू इसके घर की चारदिवारी के अन्दर आया तथा इसके साथ गाली-गलोच व लड़ाई झगड़ा किया।

# केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने यमुना घाट के नवीनीकरण एवं सौंदर्यकरण की रखी आधारशिला



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

हरि यमुना सहयोग समिति ने पांवटा वासियों के सहयोग से यमुना को स्वछन्द और घाटों को सुंदर बनाने का बीड़ा उठाया है। समिति के अथक प्रयासों से आयोजित अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जलशक्ति मंत्री ने यमुना घाट उत्सव 2023 के अनतर्गत गोविंद घाट के नवीनीकरण एवं सौंदर्यकरण की आधारशिला रखी। हरि यमुना सहयोग समिति यमनोत्री से प्रयागराज तक यमुना को सवच्छ तथा अविरल बनाने के अथक प्रयासों हेतु आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर सर्वप्रथम मंत्री महोदय ने यमुना घाट जाकर यमुना नदी के नवीनीकरण एवं सौंदर्यकरण की आधारशिला रखने के बाद रामलीला मैदान में आयोजित विभिन्न सामाजिक संगठन से आए लोगों को संबोधित किया। इसी कड़ी में सभा स्थल रामलीला मैदान में भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब और शिलाई क्षेत्र के पदाधिकारियों ने मंत्री को समृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। उसके उपरांत सगंठन का मागंपत्र मंत्री को सोंपा। मंत्री ने संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा पूर्वसेनिक आगे भी संगठन समाज और देश के हित के कार्यों को प्रमुखता से करता रहेगा।

इस मौके पर भूतपूर्व संगठन के अध्यक्ष करनैल सिंह, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठुंडू व स्वर्णजीत, सचिव संतराम चौहान, सह सचिव मोहन चौहान व गुरदीप सिंह, कोशाध्यक्ष तरूण गुरंग तथा दिनेश ठुंडू, खजान शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सेवा को बनाया जा रहा सुदृढ़ : नैय्यर

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

चंबा सदर के विधायक नीरज नैय्यर ने बताया है कि विधानसभा क्षेत्र चंबा के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सेवा को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हर छोर को बेहतर रोड़ कनेक्टिविटी एवं परिवहन सेवा प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सेवा को सुदृढ करना उनकी विशेष प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने कहा



कि लोगों की सुविधा के दृष्टिगत चंबा से जुम्हार रूट पर परिवहन निगम की बस सेवा को 24 अप्रैल (सोमवार

> 8 बेहतर रोड़ कनेक्टिविटी एवं परिवहन सेवा प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं

को) शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बस प्रतिदिन साय: 5:45 बजे चंबा से जुम्हार के लिए रवाना होगी और दूसरे दिन सुबह 8:15 बजे वहां से चंबा वापिस आएगी।

विधायक नीरज नैय्यर कहा कि इस बस सेवा के चलने से जुम्हार तथा आसपास क्षेत्रों के सैकड़ो लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

विधायक नीरज नैय्यर यह भी बताया कि इस रूट पर बस सेवा कोरोना काल के समय से बंद पड़ी थी जिसे लोगों की सुविधा के दृष्टिगत पुनः बहाल किया गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार प्रदेश के लोगों को आरामदायक यात्रा के साथ बस अड्डों पर आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# करसोग में 215 परिवारों का बनेगा सपनों का आशियाना, सरकार ने दी स्वीकृति

## 3 करोड़ रुपये से अधिक की धन राशि होंगी व्यय, पहली बार क्षेत्र के लिए स्वीकृत हुए एक साथ, इतने अधिक मकान

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

प्रदेश सरकार की स्वर्ण जयंती आश्रय योजना करसोग क्षेत्र के गरीब, पिछड़े व अल्प संख्यक वर्ग के लोगों के लिए सच में ही गोल्ड साबित हुई है। इस योजना के माध्यम से क्षेत्र के गरीब, पिछड़े व अल्प संख्यक वर्ग के लोगों का अपना पक्का घर होने का सपना साकार होगा। योजना के अन्तर्गत करसोग क्षेत्र में बनने वाले सैकड़ों घरों का निर्माण करने को राज्य सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

क्षेत्र के लिए 215 मकान स्वीकृति



प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से संचालित की जाने वाली स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के अन्तर्गत करसोग उपमंडल में जरूरतमंद लोगों (परिवारों) को अपने सपनों का आशियाना बनाने के लिए 215 घर स्वीकृत किए गए है। इन घरों को बनाने पर राज्य सरकार लगभग 3 करोड़ रुपये से अधिक की धन राशि व्यय करेगी। योजना का लाभ पाने के लिए चयनित प्रत्येक लाभार्थी को योजना के अन्तर्गत अपने सपनों का आशियाना बनाने के लिए प्रति घर एक लाख 50 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

इझपहली बार इतने अधिक मकान स्वीकृतइझ

करसोग क्षेत्र के लिए यह पहला मौका है कि एक साथ इतने अधिक, सैंकड़ों मकान क्षेत्र के गरीब, पिछड़े व अल्प संख्यक वर्ग के लोगों के लिए स्वीकृत किए गए है।

गत वर्षो में क्षेत्र के लोगों के लिए स्वीकृत किए गए मकानों की संख्या पर नजर डाली जाए तो एक वर्ष में 50-60 से ज्यादा मकान स्वीकृत नहीं होते थे। जबकि इस वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार की ओर से एक साथ 215 लोगों के सपनों को पूरा करने के लिए अपनी स्वीकृती प्रदान की है।

क्षेत्र के लोगों को यह सौगातए राज्य की सुख की सरकार के प्रयासों से संभव हुई है।

# 'सीर संवाद' कार्यक्रम से जल सरक्षण करेगी संस्कार संस्था :महेंद्र धमार्णी

**टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा**

सीर खड्डु के जल सरक्षण के लिए 'सीर संवादइ कार्यक्रम चलाएगी संस्कार सोसाइटी ये बात संस्था के संस्थापक महेंद्र धमार्णी ने कही। उन्होंने कहा कि सीर खड्डु घुमारवीं की लाइफ लाइन मानी जाती थी लेकिन अब निरंतर खड्डु का जल स्तर गिरता जा रहा है। सीर खड्डु के पानी का उपयोग सिंचाई, घराट चलाने के लिए किया जाता था जिससे हजारो लोगो का रोजगार चलता था। लेकिन घटते जल स्तर चिंता का विषय है। इस जागरूकता अभियान में खड्डु के दोनों ओर बसे लोगो से संवाद स्थापित करके जागरूकता का काम किया जाएगा। हमे आज इस घटते जल स्तर पर विचार करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को पानी की समस्या ना हो। उन्होंने संस्था के सदस्यों से आह्वान किया कि सामाजिक कार्य की भागीदार हेतु कम से कम दो नए सदस्यों को संस्था से जुड़े। समाज के काम मे हम जितना सहयोग कर सकते है वो करना है चाहिए वो चाहे जरूरतमंद की सहायता करना हो, नई पीढ़ी को नशे से दूर रखना हो, अपनी संस्कृति को बढ़ावा देना हो, जल संरक्षण हो वो करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमे अपनी समर्थ के अनुसार समाज के जरूरतमंद का सहयोग करते रहना चाहिए ।संस्था द्वारा वर्ष भर की गई गतिविधियों की जानकारी देते हुए महासचिव डॉ तिलक राज धमार्णी ने कहा कि संस्था द्वारा इस वर्ष संस्कार छात्र सहयोग निधि कार्यक्रम के तहत 30 छात्रों को 64500 रुपये एक वर्ष की स्कूल फीस, छात्र सम्मान समारोह, पौधारोपण कार्यक्रम, नशा निवारण, रक्तदान शिविर, निशुल्क कोचिंग कक्षाए, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# राज्यपाल ने कन्या छात्रावास का किया लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गत दिवस को शिमला के निकट ब्योलिया में हिमगिरि कल्याण आश्रम द्वारा निर्मित विवेकानंद कन्या छात्रावास का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हिमगिरि कल्याण आश्रम हिमाचल प्रदेश के जनजातीय और दूरस्थ क्षेत्रों में जीवन मूल्यों का संरक्षण और संवर्धन का कार्य कर रहा है। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान के माध्यम से कमजोर वर्ग के बच्चों को बेहतर आवासीय छात्रावास की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के जनजातीय समाज के सर्वांगीण और समग्र विकास के लिए हिमगिरि कल्याण आश्रम वर्ष 1985 से कार्यरत है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान बच्चों को छात्रावास के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण और जीवन मूल्यों पर



आधारित शिक्षा प्रदान कर रहा है। उन्होंने छात्रावास के लिए भूमि दान करने वाले स्वर्गीय मठा राम को श्रद्धांजलि अर्पित की और विनोद अग्रवाल, नंद लाल शर्मा, स्वर्गीय मठा राम की धर्मपत्नी कन्नू देवी एवं भवन निर्माण में सहयोग करने वाले अन्य समाजसेवियों के प्रयासों की सराहना की।राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक हिमगिरि कल्याण आश्रम से उत्तीर्ण लगभग 550 विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं। उन्होंने किन्नौर जिले के रिकांगपिओ में कन्याओं के छात्रावास और सोलन, चंबा, शिमला और रामपुर में छात्रों के लिए छात्रावास चलाने के लिए आश्रम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन छात्रावासों में दूर.दराज एवं जनजातीय क्षेत्रों से आने वाले वंचित वर्गों के बालक-बालिकाओं को भोजन, वस्त्र, आवास, शिक्षा एवं चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और उसके वैदिक ज्ञान का पालन करना हम सबका दायित्व है।उन्होंने कहा कि हिमगिरी कल्याण आश्रम द्वारा बाल संस्कार केंद्रए श्रद्धा जागरण केंद्रए सिलाई प्रशिक्षण केंद्र और खेल संबंधी अन्य परियोजनाएं भी क्रियान्वित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं है। राज्यपाल ने हिमगिरि कल्याण आश्रम को कल्याणकारी गतिविधियों के लिए पांच लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने विवेकानंद कन्या छात्रावास के निर्माण में योगदान देने वाले समाज सेवियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय वीरों को समर्पित पुस्तक जनजागृति गौरव का भी विमोचन किया तथा वनवासी वीरों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय नागरी संपर्क प्रमुख भगवान सहाय ने राज्यपाल का स्वागत किया और हिमगिरी कल्याण आश्रम की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य वक्ता बनवीर राणा, कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर तथा विशिष्ट अतिथि एवं एसजेवीएनएल के अध्यक्ष नंद लाल ने भी इस अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रांत अध्यक्ष लच्छी राम ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर आश्रम के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। जीआर इंफ्र प्रोजेक्ट के निदेशक महेंद्र कुमार अग्रवाल और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

# जनवाण में 5 लाख से बना सामुदायिक भवन

## सेवानिवृत डीएफ ओ बीएस यादव ने उद्घाटन कर लोगों को किया समर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

जिला मंडी के वन मंडल जोगिंद्रनगर के तहत ग्राम पंचायत गुम्मा के जनवाण वार्ड के लोग अब सामुदायिक भवन में बैठकर कर बैठकें सहित अन्य कार्यक्रम कर सकेंगे। जायका प्रोजैक्ट के तहत गठित ग्राम वन विकास समिति जनवाण को सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी, जिसके चलते भवन बनकर तैयार हो गया है, जिसका सेवानिवृत डीएफ ओ एवं जायका वन मंडल जोगिंद्रनगर के टीम लीडर बीएस यादव ने उदघाटन कर लोगों को समर्पित कर दिया। ग्राम वन विकास समिति जनवाण के प्रधान राम सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि बीएस यादव व उरला रेंज के वन परिक्षेत्र अधिकारी शिवम रत्तन को टॉपी व मफलर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान राम सिंह ठाकुर ने



मुख्यातिथि व अन्य लोगों को स्वागत किया और जायका के तहत किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मुख्यातिथि ने ग्राम वन विकास समिति जनवाण के तहत गठित मां दुर्गा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बैग बनाने के लिए मशीनें भी वितरित की। इस दौरान बीएस यादव ने बेहतर कार्य करने के लिए ग्राम वन विकास समिति जनवाण के प्रधान राम सिंह ठाकुर की प्रशंसा की और कहा कि जायका प्रोजैक्ट के तहत स्वयं सहायता समूह को जो मशीनें दी गई हैं, इससे महिलाओं की आर्थिकी में सुधार होगा। इस मौके पर एफ टीयू समन्वयक दिनेश राणा व बीओ पृथी चंद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# विधायक आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

विधानसभा क्षेत्र सदर से विधायक आशीष शर्मा ने रविवार को ग्राम पंचायत कालेअंब में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर विधायक पूरा दिन पंचायत में रहे और हरेक वार्ड में जनसभाएँ आयोजित कर लोगों की समस्याएँ सुनी व उन्हें विधायक चुनने के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि पंचायतों में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और एक समय में जो काम स्वीकृत किया जाएगाए पंचायत में अगले कार्यक्रम से पहले उसका कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चित किया



जाएगा। उन्होंने कहा कि वह लगातार अपनी विधानसभा क्षेत्र में लोगों के बीच रहेंगे और जनसमस्याओं का हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो आशीर्वाद लोगों ने दिया है उसके बदले लोगों की सेवा करना ही उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पंचायत से गुजरने वाले रोड का मरम्मत कार्य जल्द ही शुरू होगा और लोगों को जल्द ही खस्ताहाल सडक से राहत मिलेगी।

कालेअंब में रास्ते और डंगे का कार्य किया जाएगा। उन्होंने गाहरा महिला मंडल भवन के लिए विधायक निधि से 2 लाख देने की घोषणा भी की।

# खड्ड व सलोह में अवैध शराब सहित दो काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना हरोली के तहत खड्ड व सलोह में पुलिस ने दो व्यक्तियों को अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस ने खड्ड में गाड़ी से शराब व बीयर की पांच-पांच पेटी बरामद की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक हरोली पुलिस की टीम शनिवार शाम को खड्ड में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक गाड़ी की तलाशी ली। गाड़ी से पुलिस को 120 अधिये देसी शराब व 60 बोतल बीयर बरामद की गई। पुलिस ने अवैध शराब रखने पर महिंद्र सिंह निवासी गगरेट के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# 2400 करोड़ से सुधरेगी ग्रामीण क्षेत्रों की सडक: विक्रमादित्य

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

लोक निर्माण एवं युवा सेवाएं व खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में 2800 किलोमीटर लम्बी ग्रामीण सडकों को 2400 करोड रुपए से दुरुस्त किया जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत इस पर कार्य किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर सडक सुविधा से जोड़ा जा सके। इसमें से 170 करोड रुपए रोहडू क्षेत्र की ग्रामीण सडकों पर चालू वित्त वर्ष में व्यय किया जा रहा है।विक्रमादित्य सिंह आज राज्य स्तरीय रोहडू मेले के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय जनता को संबोधित कर



रहे थे।इस अवसर पर उन्होंने कहा रोहडू क्षेत्र का जल्द ही विस्तृत दौरा किया जाएगा और इस दौरान सीपीएस एवं स्थानीय विधायक मोहनलाल ब्रागटा के साथ विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग में विभिन्न कार्यों को लेकर वित्तीय अनियमितताओं पर भी सख्ती बरतने की बात कही।उन्होंने हाटकोटी चिडगांव सडक को एनएच में शामिल करवाने के लिए केंद्र सरकार के समक्ष मामला उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि रोहडू क्षेत्र हर मौसम में राजधानी से जुड़ा रहे इसके लिए खड़ापत्थर में टनल बनाने के लिए भी सरकार प्रयासरत है। लोक निर्माण मंत्री ने सीपीएस मोहन लाल ब्राक्टा के अनुरोध पर रोहडू क्षेत्र की नाबार्ड में शामिल पांच विभिन्न सडकों को लोक निर्माण विभाग के वित्तीय सहयोग से दुरुस्त करने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व में रोहडू क्षेत्र के साथ जो भेदभाव किया गया उस पर अब रोक लगाई जाएगी

तथा क्षेत्र की जनता के सहयोग से रोहडू विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा।

## न्यूज फ्लैश

### शाकटी, श्रीकोट व मझाण जैसे दुर्गम स्कूल हों हार्ड एरिया घोषित: सीएंडवी संघ

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

राजकीय सीएंडवी अध्यापक संघ हिमाचल प्रदेश के प्रधान दुगानंद शास्त्री ने कहा कि जिन स्कूलों के आसपास न तो बिजली है न सडक है और न ही मोबाइल नेटवर्क है, ऐसे स्कूलों के प्रति विभाग को गंभीर होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों को हार्ड एरिया स्कूल घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह मांग राजकीय सीएंडवी अध्यापक संघ हिमाचल प्रदेश की मनाली के बरान स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग से रखी। प्रधान दुगानंद शास्त्री ने कहा कि जिला कुल्लू के मिडल स्कूल शाकटी, पाशी व लपाह तथा हाई स्कूल मझाण, श्रीकोट व शिल्ही को लेकर प्रदेशभर से आए अध्यापकों ने मंथन किया। अध्यापक संघ के महासचिव देवदत्त शर्मा ने कहा कि जिला के ऐसे अनेकों स्कूल है जिनमें सडक व बिजली भी नहीं पहुंची है जबकि शाकटी जैसे क्षेत्र में अभी तक न तो मोबाइल नेटवर्क है और न ही बिजली है। ऐसे में इन स्कूलों में पढ? वाले विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक व विभाग के ऑनलाइन कार्यक्रमों की जानकारी न होने से तकनीकी युग में भी अपने अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है। इन स्कूलों में सेवाएं देने वाले शिक्षकों को भी सामान्य क्षेत्रों की बजाय काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है लेकिन ताज्जुब की बात है कि ऐसे क्षेत्रों के स्कूल अभी तक हार्ड एरिया में नहीं है। संघ ने बैठक के माध्यम से विभाग से सवाल किया कि आखिर हार्ड एरिया स्कूलों की परिभाषा क्या है ६ इसके अलावा बैठक में पुरानी पेंशन बहाली तथा तीन फीसदी डीए की घोषणा के लिए भी प्रदेश सरकार का आभार जताया तथा लंबित डीए को जल्द जारी करने की भी मांग रखी । अध्यापक संघ ने विद्यार्थियों व अध्यापकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर मंथन किया तथा प्रदेश सरकार से मांग की कि कक्षा छठी से दसवीं तक होने वाली विभिन्न परीक्षाओं के मूल्यांकन की समय सीमा संशोधित की जाए। सभी सीएंडवी अध्यापकों को भारत सरकार के 23 अगस्त 2010 के राजपत्र के अनुसार योग्यता व अनुभव के आधार पर टीजीटी पदनाम व लाभ दिए जाएं। इस अवसर पर स्थानीय स्कूल के प्रधानाचार्य स्टेट अवॉर्डी गजेंद्र सिंह ठाकुर, राज्य कोषाध्यक्ष रमन कुमार सहोड़, वरिष्ठ उपप्रधान दीप राम चंदेल, प्रदेश कार्यसमिति अध्यक्ष गणेश लाल शासनी, सह सचिव राकेश चौहान, कांगड़ा जिला के प्रधान गुरदयाल सिंह, सहित आदि उपस्थित रहे।

# विश्व पृथ्वी दिवस: दिव्यांगों समेत अनेक युवाओं ने ली पृथ्वी को बचाने की शपथ

**8 कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय चुनाव आयोग की ब्रांड एंबेसडर और दृष्टिबाधित प्रोफेसर मुस्कान नेगी ने की**

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

उमंग फ उंडेशन के दिव्यांग एवं अन्य सदस्य युवाओं ने हिमालयन फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट के साथ मिलकर पॉटर्स हिल के नजदीक पश्चिमी हिमालय वनस्पति उद्यान में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि -एचएफ आरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिकों-डॉक्टर वनीत जिस्टू और डॉक्टर जगदीश ने



कहा कि पृथ्वी को बचाने के लिए वृक्षों से दोस्ती जरूरी है। उन्होंने जन्मदिन एवं अन्य शुभ अवसरों पर एक पौधा लगाने की अपील की। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को पृथ्वी के संरक्षण और संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय चुनाव आयोग की ब्रांड एंबेसडर और दृष्टिबाधित सहायक प्रोफेसर मुस्कान नेगी ने की। कार्यक्रम की संयोजक और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में बॉटनी की दिव्यांग रिसर्च स्कॉलर अंजना ठाकुर एवं सोशल वर्क की विद्यार्थी रितु वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में 35 दिव्यांग एवं अन्य युवाओं ने हिस्सा लिया।उमंग फ उंडेशन के अध्यक्ष प्रो. अजय श्रीवास्तव के अनुसार एचएफ आरआई के वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी की यदि दुनिया भर में पेड़ों का कटान वर्तमान रफ्तार से जारी रहा तो अगले 50 साल बाद पृथ्वी पर मनुष्य का जीवन मुश्किल में पड़ जाएगा। वैज्ञानिकों ने बताया कि विश्व में हर वर्ष एक करोड़ पेड़ काटे जाते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण कागज का निर्माण है। यदि हम टिशु पेपर का उपयोग बंद कर दें या कम इस्तेमाल करें तो लाखों पेड़ बचाए जा सकते हैं। कार्यालयों में ई गवर्नेंस के उपयोग से कागजों का इस्तेमाल कम किया जाना चाहिए। उनके कहा कि विकास का अर्थ पृथ्वी का विनाश बिल्कुल नहीं है। पर्वतीय क्षेत्रों में कथित विकास के लिए जिस प्रकार वृक्षों का कटान होता है उससे हिमालय क्षेत्र खतरे में पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि वृक्षों और वनस्पतियों की अनेक स्थानीय प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं।

उनके संरक्षण के लिए एचएफ आरआई बड़े पैमाने पर प्रयास कर रहा है। डॉ. जिस्टू और डॉक्टर जगदीश ने कहा कि गांव से लेकर शहरों तक में ग्लोबल वार्मिंग की चर्चा होती है।

# क्षेत्रीय अस्पताल की पार्किंग से बाइक चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

क्षेत्रीय अस्पताल ऊना एक बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बाइक मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार शाम पुलिस को दी शिकायत में बलराम सिंह निवासी बरनोह ने बताया कि अपना मोटर साईकल क्षेत्रीय अस्पताल के बाहर खड़ा किया हुआ था। जिसे कोई नामालूम व्यक्ति व्यक्ति चुरा कर ले गया है। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने बाइक चालक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विक्रमादित्य सिंह ने बखीरना पुल का किया लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

लोक निर्माण, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज रोहडू में 19 करोड़ रुपए की लागत से पब्बर नदी पर बने बखीरना पुल का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने पुल पर एचआरटीसी की बस को हरी झंडी देकर रवाना किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस पुल के लोकार्पण से रोहडू के साथ लगती आधा दर्जन पंचायतों की हजारों की जनसंख्या लाभान्वित होगी। इन पंचायतों का जुड़ाव अब रोहडू मुख्य बाजार से



सीधे हो पाएगा। पहले इन पंचायतों के लोगों को वाया समोली से होकर 10 से 12 किलोमीटर तक का अतिरिक्त सफर कर रोहडू आना पड़ता था। इससे लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा था लेकिन अब पुल के निर्माण से स्थानीय पंचायत के हजारों किसानों-बागवानों और आम लोगों ने राहत की सांस ली है। उन्होंने बताया कि रोहडू क्षेत्र की फ रसी, लोअर कोटी, शेखल, मन्छाड़ा, समोली, भौलाड़ और ढाडी घुनसा पंचायत के लोगों को इस पुल के लोकार्पण से रोहडू आवागमन में आसानी होगी।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार आम लोगों के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है। आगामी समय में रोहडू क्षेत्र के लोगों की आवश्यकता अनुरूप योजनाएं तैयार की जाएंगी। जन भावनाओं को देखते हुए सरकारी योजनाओं को रोहडू क्षेत्र में सिरे चढ़ाया जाएगा। इस मौके पर मुख्य संसदीय सचिव एवं स्थानीय विधायक मोहन लाल ब्राक्टा सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि, कांग्रेस के नेता, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में नहीं बुलाए जाने से नाराज विधायक इंद्र सिंह गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार सुखविंदर सिंह सुक्खू का बल्ह प्रवास हुआ। इस कार्यक्रम के तहत मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नेरचौक में मेडिकल कॉलेज एवं प्रशासन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया परंतु प्रशासन ने सरकार के दबाव में आकर बल के विधायक इंद्र सिंह गांधी को इस कार्यक्रम में कोई भी बुलावा या सूचना नहीं दी गई। इससे नाराज होकर विधायक ने कहा की सभी प्रशासनिक अधिकारी कांग्रेस के दमनकारी नीति के कारण डरे हुए हैं।

वह कांग्रेस के वार्ड मेंबर प्रधानों को इन कार्यक्रमों में बुला रहे हैं जबकि जिसे जनता ने चुना हुआ है तथा विधानसभा में भेजा है उनको ना बुलाने का दबाव बनाया जा रहा है। मैं संविधानिक पद पर हूँ इसे मैं अपना अपमान मानता हूँ और यह घटना लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने कहा कि मुझे आज ही समाचार पत्र द्वारा यह ज्ञात हुआ कि मुख्यमंत्री बल्ह के प्रवास पर आ रहे हैं तो उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में



वह मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में जाना चाहते थे। जहां पर उन्होंने आउट सोर्स जो निकाले गए हैं वह कुछ शिक्षा संस्थान व अन्य जो बंद किए गए हैं इस संदर्भ में मांग पत्र भी दिया जाना था परंतु अब यह शिमला में है जो उन्होंने प्रशासन को सूचित किया है कि आप अपने कर्तव्य सही ढंग से अपनाएं। इसी प्रकार प्रशासन कांग्रेस सरकार दमनकारी नीति अपनाती रहेगी तो मुझे अनशन पर बैठ कर सरकार को जगाना होगा। उपरोक्त घटना में निर्धारित प्रोटोकॉल और नियमों का सीधा-सीधा उल्लंघन है बल्ह की जनता का जिम्मेदार जनप्रतिनिधि होने के नाते यह मेरे विशेष अधिकार का भी हनन है, इसलिए मैं राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव ला रहा हूं।

# विद्युत बोर्ड के ओवरफ्लो के पानी से छपरोट गांव को खतरा

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

जिला मंडी के नेरघरवासड़ा पंचायत के छपरोट गांव पर विद्युत बोर्ड की अनदेखी के चलते खतरा मंडरा रहा है। विद्युत गृह बस्सी के लिए छपरोट गांव में रेजरवायर का निर्माण किया गया है और जब विद्युत गृह में कोई खराबी आ जाती है तो पानी को ओवरफ्लो किया जाता हैं, जिसके तेज बहाव से लंबे समय से कुछ लोगों की जमीनें बह चकी हैं। कुछ लोगों की जमीनें धंस रही है। ग्राम सुधार कमेटी छपरोट के प्रधान चंदन ठाकुर, महिला मंडल छपरोट की प्रधान रजनी देवी, होशियार सिंह, ओम चंद, टेक चंद, रोशन लाल, बृज लाल, हरी सिंह, भगत राम, तेजमल, तेग सिंह, पूर्ण चंद, सुखदेव,



ओम प्रकाश, लायक चंद, सुंदर सिंह, प्रकाश चंद, प्यार चंद, लेखराज, राकेश कुमार, संतोष कुमार, किशोरी लाल, संजय कुमार व सुरजीत सहित अन्य लोगों का कहना है रेजरवायर से पानी के ओवरफ्लो से कुछ लोगों की जमीनें बह चुकी हैं जबकि कुछ लोगों की जमीनें लगातार धंस रही हैं, जिसके चलते अब लोगों के घरों को भी खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि जमीन के कटान को रोकने के लिए बोर्ड द्वारा ओवरफ्लो के लिए जिस नहर का निर्माण किया गया था वह भी जगह-जगह टूट चुकी है। यही नहीं पानी के तेज बहाव को रोकने के लिए बनाए गया प्रैशर टैंक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और जो क्रेट बाल लगाई गई थी वह भी बह चुकी है, जिसके चलते लोगों की जमीनों पर दूर-दूर तक दरारें आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई मर्तबा बोर्ड के अधिकारियों को अवगत करवाया गया लेकिन अभी तक बोर्ड द्वारा कोई भी उचित कदम नहीं उठाया गया। यही नहीं रेजवायर परिसर में बनाई गई नालियां भी कई सालों से बंद पड़ी हैं, जिसके चलते बीती बरसात को स्थानीय निवासी टेक चंद ठाकुर के घर को सारा पानी आ गया था, जिससे उसके घर को काफी नुकसान पहुंचा था। उस दौरान एसडीएम भी नुकसान का जायजा लेने के लिए मौके पर आए थे और एसडीएम ने बोर्ड अधिकारियों को तुरंत प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आज दिन तक बोर्ड द्वारा कोई कदम नहीं उठाए गए। इसके अलावा लोगों का कहना है कि रेजरवायर के पानी का भी रिसाव हो रहा है, जिसके चलते भविष्य में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों का कहना है कि बोर्ड अधिकारियों को ओवरफ्लो क्षेत्र में बनाई गई नहर को दुरुस्त करने की मांग की गई तो बोर्ड अधिकारी यह जवाब देकर अपना पलू झाड़ लेते हैं कि बोर्ड द्वारा तो ओवरफ्लो ही नहीं किया जाता है। जबकि हाल ही में करीब 4 दिन लगातार पानी को रेजरवायर से ओवरफ्लो किया गया।

बॉक्सः

मामला ध्यान में हैं। बोर्ड द्वारा छपरोट रेजरवायर से बहुत कम ही ओवरफ्लो किया जाता है। इस संबंध में कोर्ट में मामला विचाराधीन है और कोर्ट द्वारा जो आदेश दिए जाएंगे उसके मुताबिक ही बोर्ड द्वारा कदम उठाए जाएंगे। अरुण धीमान, स्थानीक अभियंता, विद्युत गृह बस्सी।

# प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों में उपलब्ध होगीं विश्व स्तरीय सुविधाएं: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को जिला मण्डी के श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नेरचौक में एमबीबीएस चिकित्सकों के प्रथम दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने प्रथम बैच के चिकित्सकों को इंटरनशिप सर्टिफिकेट प्रदान किए। उन्होंने विद्यार्थियों की मांग पर चिकित्सा महाविद्यालय में खेल मैदान तथा अतिरिक्त हॉस्टल का निर्माण करने के लिए महाविद्यालय प्रबन्धन को भूमि का चयन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में चिकित्सकों को भी चुनौतियों से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि चुनौतियों से निपटने के लिए कड़ा परिश्रम करना पड़ता है और मेहनत के बाद ही सफलता हासिल होती है। सरकारी क्षेत्र में रोजगार के सीमित



अवसर होने के बावजूद राज्य सरकार चिकित्सकों को रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विज्ञान में तकनीकी बदलावों के दृष्टिगत चिकित्सकों को नई तकनीक अपनाकर आगे बढ?ा होगा। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार डिपार्टमेंट ऑफ इमरजेंसी मेडिसन बना रही है, जिसके तहत चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ आठ घंटे की शिफ्ट में काम करेंगे। इससे आपातकालीन सेवाओं में गुणवत्ता बढ? के साथ-साथ चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ स्वस्थ भी रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य के चार चिकित्सा महाविद्यालयों शिमला, टांडा, नेरचौक, हमीरपुर में रोबोटिक सर्जरी शुरू करने जा रही है। शिमला और टांडा चिकित्सा महाविद्यालयों में लेटेस्ट पैट स्कैन और सीटी स्कैन की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में चिकित्सा महाविद्यालयों में विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी और राज्य सरकार इस पर गंभीरता के साथ कार्य कर रही है। हमीरपुर में कैंसर का आधुनिक अस्पताल निर्मित किया जा रहा है। राज्य सरकार ने मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन का गठन किया है, जिससे सरकारी खरीद में पारदर्शिता आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पेयजल की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रयास कर रही है और प्रदेश की सभी पेयजल योजनाओं में चरणबद्ध तरीके से यूवी आधारित वॉटर प्यूरिफाइर की तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पिछली सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण राज्य की आर्थिक स्थिति चिंताजनक थीए जिस कारण राज्य सरकार को 6 हजार करोड़ रुपये का ऋण लेना पड़ा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को चार वर्ष में पटरी पर लाया जाएगा, जिसके लिए कड़े फैसले लेने होंगे। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन और प्रदेश हित में निर्णय लिए जा रहे हैं और आने वाले पीढ़ी इन निर्णयों से लाभान्वित होगी। आगामी दस वर्षों में हिमाचल प्रदेश देश का सर्वाधिक समृद्ध राज्य बनेगा। प्रदेश सरकार ने राज्य के राजस्व में वृद्धि करने की दिशा में विरोध के बावजूद प्रदेश में संचालित की जा रही जल विद्युत परियोजनाओं में विद्युत उत्पादन पर जल उपकर लगाया है, जिससे एक वर्ष में 1800 करोड़ रुपये का राजस्व आर्जित होगा। इस निर्णय के संबंध में हरियाणा और पंजाब सरकार से भी चर्चा की गई है। राज्य सरकार ने शराब की रिटेल दुकानों को नीलाम कर राजस्व में 40 प्रतिशत की वृद्धि की है, जबकि पिछली भाजपा सरकार ने दुकानों के आवंटन को रिन्यू करके राजस्व को हानी पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन क्षेत्र को भी प्रोत्साहन प्रदान कर रही है, जिसके तहत कांगड़ा को प्रदेश की पर्यटन राजधानी बनाया जा रहा है और कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार किया जा रहा है। इसके साथ-साथ मंडी और अन्य क्षेत्रों को भी पर्यटन के दृष्टिगत बढ़ावा प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी महाविद्यालय, शिमला ने देश को सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक प्रदान किए हैं। आईजीएमसी से शिक्षा ग्रहण करने के उपरान्त चिकित्सक दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा संस्थानों में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजकीय महाविद्यालय संजौली के सीएसए का चुनाव जीता और 17 वर्ष की आयु में वह सीआर बने थे। उन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में बिताए दिनों को भी याद किया।

## न्यूज फ्लैश

### एलआईसी द्वारा प्रायोजित बच्चों की सरकार हो कैसी अभियान के तहत 25 अप्रैल को होगा ऑनलाइन सत्र

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

डिजिटल बाल मेला द्वारा आयोजित और एलआईसी द्वारा प्रायोजित बच्चों की सरकार कैसी हो अभियान के तहत 25 अप्रैल को ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया जाएगा। गूगल मीट द्वारा सुबह 11 बजे बच्चों से बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रशासनिक अधिकारी और झंडूता विधायक जीतराम कटवाल संवाद करेंगे। इतना ही नहीं वह बच्चों को अपनी कुशल प्रशासक से जन नेता की कहानी बच्चों से साझा करेंगे। इस सत्र के मुख्य अतिथि कटवाल हिमाचल प्रदेश में बतौर आईएएस के पद से सेवानिवृत्त है। जीतरम ने प्रशानिक सेवा में एक लम्बा सफ र तय किया है। इस सफ र में वह एसडीएम, कलेक्टर, सचिव, उपसचिव जैसे कई पदों पर कार्यरत रह चुके है। सेवानिवृत्ति के बाद मुख्य अतिथि ने राजनीति का दमन थामा और जनता का उद्धार करने हेतु 2017 में पहली बार विधायक का चुनाव लड़ा। गौरतलब है कि 25 अप्रैल को होने वाले इस ऑनलाइन सत्र में देश के कौने-कौने से बच्चे जुड़ेंगे और अपने हिस्से के सवाल मुख्य अतिथि से करेंगे।इस विशेष सत्र में झंडूता के एसएकेएस विद्यालय के बच्चे भी भाग लेंगे। बता दें कि बच्चों की सरकार कैसी हो, अभियान के तहत ही 12 जून को हिमाचल प्रदेश विधानसभा में बाल सत्र का आयोजन किया जाएगा। डिजिटल बाल मेला की फाउंडर जान्हवी शर्मा ने बताया कि विशेष बाल सत्र में 68 बच्चे सम्मिलित होंगे। जिनका चुनाव बच्चों द्वारा सरकार को दिए गए सुझावों के आधार पर किया जाएगा। बता दें कि इससे पहले डिजिटल बाल मेला द्वारा 14 नवम्बर 2021 को राजस्थान विधानसभा में बाल सत्र का भी किया गया था। इस अभियान के तहत 68 बच्चों को एक दिन का बाल विधायक बनने का मौके मिलेगा। वह 12 जून को शिमला विधानसभा में आयोजित होने वाले बाल सत्र का हिस्सा बनेंगे। जिसके तहत वह सरकार को आम जन की परेशानियों और सुझाव साझा कर सकेंगे।

### बाहती समुदाय ने जनसंख्या सार्वजनिक न करने पर जताया रोष

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

किसान योद्धा सरदार रुडका सिंह कल्याण समिति की बैठक रविवार को ढकियां पंजावर में हुई। बैठक में प्रदेश में बाहती समुदाय की जनसंख्या सार्वजनिक नहीं करने पर रोष प्रकट किया गया। जनसंख्या सार्वजनिक न होने के कारण राजपूत समुदाय को 68 में से 28 सीटें विधानसभा की आबंटित हो गई और 12 सीटें ब्राह्मण समुदाय को आबंटित हो गईं।

बता दें कि हिमाचल प्रदेश में राजपूत समुदाय की आबादी 32 प्रतिशत है तथा ब्राह्मण समुदाय की आबादी 18 प्रतिशत है। बाहती बिरादरी की जनसंख्या सार्वजनिक नहीं होने के कारण विधानसभा में सिर्फ एक ही सीट मिल पाई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने कहा कि बाहती समुदाय के साथ जनगणना में भेदभाव सहन नहीं किया जाएगा। यही कारण है कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार से 2011 की ओबीसी जनगणना के जाति आधारित आंकड़े सार्वजनिक करने को कहा है, ताकि ओबीसी समाज का राजनैतिक और आर्थिक उत्थान निश्चित हो सके। दूसरी ओर मोदी सरकार 2021 में ओबीसी वर्ग की जाति आधारित जनगणना करवाने से इंकार कर चुकी है। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने भी ओबीसी की जाति आधारित जनगणना करवाने के लिए मोदी सरकार को पत्र लिखा है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रदेश द्वारा संचालित उच्च शिक्षण संस्थानों में ओबीसी वर्ग को भागीदारी नहीं मिल पाने पर नाराजगी जाहिर की है। ज्ञात रहे 103वां संविधान संशोधन लागू होने से सामान्य वर्ग को प्रदेश द्वारा संचालित उच्च शिक्षण संस्थानों में 10 प्रतिशत भागीदारी मिल चुकी है, जबकि हिमाचल प्रदेश में 93वां संविधान संशोधन लागू नहीं होने से ओबीसी वर्ग को उच्च शिक्षण संस्थानों (अकेडमिक) में भागीदारी नहीं मिल रही है। इससे हिमाचल प्रदेश का ओबीसी वर्ग शेष वर्गों से बहुत बुरी तरह पिछड़ गया है।

## शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ शिवबाड़ी मेला

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

द्रोण शिव मंदिर शिवबाड़ी में आयोजित दो दिवसीय मेले का रविवार को विधिवत समापन हो गया। इस मेले हिमाचल सहित पड़ोसी राज्य पंजाब के लोगों द्वारा भारी तादाद में हिस्सा लिया। मेला शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया।द्रोण शिव मंदिर शिवबाड़ी में रविवार को मेले के दूसरे दिन लोगों की भारी भीड़ जुटी। यह पहला मौका है, जब शिवबाड़ी मेले का संचालक मंदिर प्रशासन द्वारा किया गया है। मेला क्षेत्र में प्रशासन द्वारा लोगों की सुविधाओं के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई थी। मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था। मेले के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात की गई वहीं मेले में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। प्रशासन द्वारा मेले के दौरान पॉलिथीन पर प्रतिबंध के चलते 8 दुकानदारों के चालान भी किए गए। मेला क्षेत्र में झूलों, स्टॉल व अस्थाई दुकानों से मंदिर प्रशासन को पहली बार करीब 3 लाख रुपए की आय भी हुई है। रविवार को मिट्टी से बने बर्तनों की लोगों ने खूब खरीददारी की और झूलों का जमकर लुत्फ उठाया। रविवार को मेला आधिकारिक तौर पर संपन्न हो गया।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन में सभी का योगदान जरूरी

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के सही क्रियान्वयन के लिए और इसके माध्यम से एक विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक को अपना सक्रिय योगदान देना होगा।

रविवार को सेवन स्टार इंटरनेशनल स्कूल बणी में शिक्षा से आत्मनिर्भर भारत विषय पर आयोजित।

सेवन स्टार इंटरनेशनल स्कूल बणी में आयोजित किया गया ज्ञानोत्सव-2023



ज्ञानोत्सव-2023 में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि किसी भी देश और समाज के निर्माण में शिक्षा सबसे बड़ी भूमिका अदा करती है। इसके बिना हम विकास की कल्पना ही नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में युगों-युगों से बहुत ही समृद्ध गुरु-शिष्य परंपरा रही है। दुर्भाग्यवश, किन्हीं कारणों से हमारी शिक्षा व्यवस्था में भी कई विकृतियां आ गईं, जिससे हमारे समाज में कई नैतिक मूल्यों का लगातार ह्रास होता चला गया। आज हम अपने अधिकारों के प्रति तो सजग रहते हैं, लेकिन देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों से पीछे हट जाते हैं।

इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि आजादी के बाद भारत में समय-समय पर शिक्षा नीति में बड़े बदलाव किए गए थे और अब देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी नीति तभी अच्छे परिणाम लाती है, जब इससे जुड़े सभी अंग कर्तव्यनिष्ठा और आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हैं। इंद्र दत्त लखनपाल ने सभी शिक्षाविदों शिक्षकों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों से देश व समाज के प्रति अपने सभी कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के सफल एवं सकारात्मक क्रियान्वयन में अपना सक्रिय योगदान देने की अपील भी की।

इससे पहले सेवन स्टार इंटरनेशनल स्कूल में पहुंचने पर शिक्षाविदों, स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इंद्र दत्त लखनपाल का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने दीप प्रज्जवलन के साथ ज्ञानोत्सव-2023 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जाने-माने शिक्षाविदों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर अपने विचार रखे।

## पता नहीं किस मुंह से कांग्रेस बोलते हैं सुख की सरकार: अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उपमंडल अंब के गांव मैडी में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने एक दिवसीय दौरे पर मैड़ी पहुंचने पर प्रदेश में जयराम ठाकुर की सरकार ने भाजपा सरकार ने शानदार काम किया था। केंद्र में मोदी सरकार ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी थी। प्रदेश को पहले से 3 गुना पैसा दिया था। प्रदेश में बड़े प्रोजेक्ट दिए देश की चौथी वंदे भारत ट्रेन हिमाचल में चली ऊना से तलवाड़ा रेलवे लाइन के साढ़े 500 करोड़ का प्रावधान किया जा चुका है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि ऊना में पीजीआई सैटलाइट सेंटर के लिए 400 करोड़ रुपए का टेंडर मंजूर किया जा चुका है। प्रदेश में पहले केवल दो ही मेडिकल कॉलेज से जिनकी संख्या अब 6 हुई है, जो कि मोदी सरकार के कारण ही संभव हो पाया है। साढ़े पांच सौ करोड़ लागत से प्रदेश की इकलौती सेंट्रल यूनिवर्सिटी खोली जा रही है। हिमाचल को ट्रिपल आईटी सलोह में दिया है इसके साथ ही भाजपा सरकार ने धार्मिक स्थलों का कायाकल्प किया है और उनका जीर्णोद्धार किया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर भी अगले साल तक बनकर तैयार हो जाएगा। हिमाचल प्रदेश में 9 फ्लाइट और एक वंदे भारत ट्रेन के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जो कि मोदी सरकार की देन है। अनुराग ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जैसे ही प्रदेश में भाजपा सरकार गई नया तो क्या देना था कांग्रेस सरकार ने जो पुराना था, वह भी छीन लिया।

## धार्मिक कार्यक्रम हमारी प्राचीन परंपरा का एक अहम हिस्सा: बबलू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

चिंतपूर्णी विधायक सुदर्शन ने रविवार को कौहाड़छन्न में बाबा भरथरी के मंदिर में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की। स्थानीय कमेटी द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में विधायक ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक सुदर्शन सिंह बबलू का भव्य स्वागत किया गया और उन्हें कमेटी की स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारें की भावना मजबूत होता है, क्योंकि छत्तीस बिरादरी के लोग एक जगह एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते है।

## तीन महत्वपूर्ण दिवसों पर मुख्य अतिथि स्वतंत्रता सेनानियों को भी अर्पित करें श्रद्धांजलि: जयकुमार



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

स्वतन्त्रता सेनानी स्मृति स्मारक समिति के संयोजक पंडित जय कुमार ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि वर्ष में तीन महत्वपूर्ण दिवसों-स्वतन्त्रता दिवस, गणतन्त्र दिवस और हिमाचल दिवस के अवसरों पर मुख्यातिथि द्वारा नगर के परिधि गृह के साथ शहीद सैनिक स्मारक पर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित करके श्रद्धांजलि भेंट करने के बाद मात्र 50 फीट की दूरी पर स्थित स्वतन्त्रता सेनानी स्मारक में भी स्वतन्त्रता सेनानियों को याद करते हुए उन्हें भी श्रद्धांजलि भेंट करनी चाहिए एजिन्होने आजादी की लड़ाई में विशेष भूमिका निभाई थी।समिति के संयोजक जय कुमार ने कहा कि इस विषय पर पूर्व भाजपा सरकार और जिला प्रशासन से कई बार आग्रह किया गया है, लेकिन इसे न तो जिला प्रशासन ने और न ही सरकार ने महत्वपूर्ण समझा कि उन स्वतन्त्रता सेनानियों के प्रति भी समाज व सरकार की ओर से अपनी कृतज्ञता प्रकट की जाये। उन्होने कहा कि स्वतन्त्रता सेनानियों ने आजादी की लड़ाई में विभिन्न प्रकार के अभियान चलाए थे जिसके लिए न केवल उन सेनानियों ने बल्कि उनके परिवारों ने भी कई प्रकार की यातनाएं व जेलें भुगती थी। जयकुमार ने कहा कि आज देश-प्रदेश के लोग संविधान के अधीन प्रजातन्त्र अथवा गणतन्त्र का लाभ उठा रहे हैं जिसकी प्राप्ति के लिए उन स्वतन्त्रता सेनानियों की भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता है। जयकुमार ने कहा कि इन अवसरों पर केवल मात्र अपने भाषणों में कुछ स्वतंत्रता सेनानियों के नाम लेकर अपने दायित्व की इतिश्री नहीं मानी जा सकती है। क्योंकि समाज व देशवासी उन स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों से कभी भी उऋण नहीं हो सकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सरकार इस संदर्भ में शीघ्र ही उपयुक्त आदेश देगी ताकि उन स्वतंत्रता सेनानियों को मान-सम्मान और उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व श्रद्धा प्रकट की जा सके।

## जेबीटी टैट परीक्षा के बाद ही हों जेबीटी की बैचवाईज और कमीशन वाली भर्तियां

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा 17 अप्रैल, 2023 को पत्र जारी करके जेबीटी की भर्ती प्रक्रिया में बीएड डिग्री धारकों को योग्य मठन। जाने के फैसले से प्रदेश के दो लाख बीएड डिग्री धारकों के चेहरे खिल उठे हैं। मंडी में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए हिमाचल बीएड बेरोजगार यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष राजेश गौतम ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के दो लाख बीएड डिग्री धारकों को जेबीटी की भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने पर आभार जताया।



यूनियन ने सरकार से मांग उठाई है कि भविष्य में जेबीटी की बैचवाईज या कमीशन वाली भर्ती को जेबीटी की टैट परीक्षा का आयोजन करवाने के बाद ही किया जाए। उन्होंने सरकार से मांग कि है कि मंत्रीमंडल ने स्कूल लैक्चरर के जिन 530 पदों को भरने की मंजूरी प्रदान की है उन्हें जल्द से जल्द विज्ञापित किया जाए। शेष रह रहे खाली पदों को भरने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाए। 2019 में पोस्ट कोड 721 के तहत जो परीक्षा आयोजित की गई थी उसमें 1135 बीएड धारकों को बाहर का रास्ता दिखाया गया था। इस मामले में भी सरकार जल्द से जल्द न्याय प्रदान करे। कोरोना काल और न्यायलय विवादों के कारण बहुत सी भर्तियां प्रभावित हुई हैं। ऐसे में 45 वर्ष की आयु पूरी कर चुके लोगों को एकमुश्त छूट प्रदान की जाए और सेवानिवृति की आयुसीमा को बढ़ाया जाए। नई भर्ती एजेंसी का जल्द से जल्द गठन किया जाए।

# भाजपा ने लॉन्च किया मैनिफेस्ट, 21 वादे और बड़ी उपलब्धियों का उल्लेख

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा ने आज अपना दृष्टि पत्र जनता के समक्ष रखा इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा विष्वविख्यात शान्त, शुद्धवायु, पयर्टन व पयार्वरण प्रेमियों की नगरी शिमला नगर निगम के चुनाव 2 मई 2023 को होने जा रहे हैं। आप सभी एक बार फि र अपने शहर की बेहतरी प्राकृतिक सौंदर्य, गरिमा व वैभव युक्त प्रतिश्ठा को बरकरार रखने के लिए अपना मतदान करेंगे। जैसा कि आप जानते हैं हिमाचल प्रदेश में गत चार माह पहले कांग्रेस पार्टी की सरकार झूठी गारंटियां देकर और जनता को गुमराह करके सत्ता में आई है और आते ही डीजल, पेट्रोल, खाद्य तेल, बिजली, पानी एवं कूड़े की दरों में अत्यधिक वृद्धि करके जनता के उपर भारी बोझ डाल दिया है जिसके कारण चार माह के अंतराल में ही वतर्मान सरकार के प्रति लोगों का मोह भंग हो गया है और लोग अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।दिसम्बर माह में हुये विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश की जनता को 10 गारंटियां दी थी, पहली कैबिनेट में ओल्ड पेंषन लागू करेंगेए हर महिला को 1 जनवरी, 2023 से 1500 रुपए हर महीने देंगे, 300 युनिट बिजली फ्री करेंगे, पाँच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे, बागवान तय करेंगे फलों की कीमत, 400 रू में रसोई गैस का सिलेण्डर, युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपए का स्टार्ट-अप फ ण्ड, मोबाइल क्लीनिक से




होगा हर गांव में मुफ्त इलाज, हर विधानसभा में खुलेंगे 4 अंग्रेजी मीडियम स्कूल, गाय-भैंस पालकों से क्रमशः 80 रू एवं 100 रू प्रति लीटर के हिसाब से प्रतिदिन 10 लीटर दूध खरीदेंगे और 2 रुपए किलो में होगी गोबर खरीदी शिमला व हिमाचल पूछ रहा है कहां है ये गारंटियां? गत वर्ष जून तक यहां पर शिमला नगर निगम में भारतीय जनता का शासन था, कांग्रेस के कुछ पाधिकारियो ने चुनावी प्रक्रिया में व्यवधान डालकर न्यायालय में मामले को उलझाने का प्रयास किया है, जिस कारण चुनाव समय पर न हो सके। अब चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है और शीघ्र ही नगर निगम शिमला को चुनी हुई निगम मिल जायेगी और आम जनता को अपने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कार्य करने का अवसर मिल पायेगा।हमने नगर निगम शिमला की प्रतिश्ठा व गरिमा को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक सौंदर्य की रक्षा व शिमला की विरासत को संजोये रखने के लिए एक बहुआयामी दृश्टिपत्र तैयार किया है जो समाज के हर वर्ग के लिए सर्वस्पर्शी व दूरदृष्टि दृश्टिपत्र है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आप हमारे किये गये कार्यों व भविश्य की योजनओं को ध्यान में रखकर तथा पिछले 5 वर्षों तक जनता की सेवा में किये गये कार्यों के आधार पर हमारी पार्टी के सभी प्रत्याशियों को अपना आशीर्वाद देंगे।नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि हम आपकी आशाओं और अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और अपने दृष्टिपत्र को अक्षरशः पूरा करेंगे, न झूठी गारंटी-न हवाई किले, शिमला को हर सुविधा समय पर मिले।दृष्टि पत्र नगर निगम शिमला चुनाव 2023 का विमोचन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सुखराम चौधरी, त्रिलोक जम्वाल, बलबीर वर्मा, चेतन ब्रागटा, संजय सूद द्वारा किया गया। जयराम ठाकुर ने दृष्टि पत्र पड़ते हुए कहा शिमला ब्रिटिश काल से ही देश की राजधानी रही है और पूरे विश्व में इसकी एक अलग पहचान है। किसी समय शिमला की जनसंख्या 15-20 हजार थी लेकिन समय के बीतते आज शिमला की जनसंख्या 2.50 लाख के करीब हो गयी है।

# कृति सेनन

## ने इकोनॉमी क्लास में किया ट्रेवल, सादगी की तारीफ करने वाले फैंस को यूजर्स ने लताड़ा,



बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में शुमार कृति सेनन काफी लंबे समय से सोशल मीडिया पर किसी न किसी वजह से चर्चा में बनी हुई हैं। पहले उनकी आगामी फिल्म %आदिपुरुष% से जुड़े विवाद की वजह से वह चर्चा में आई। इसके बाद अपने को-स्टार और अभिनेता प्रभास के साथ डेटिंग की अफवाहों की वजह से अभिनेत्री लाइमलाइट में रहीं। अब कृति इकोनॉमी क्लास में यात्रा करने की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री का इकोनॉमी क्लास में यात्रा करने के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जो काफी ज्यादा वायरल हो रहे हैं।

**इकोनॉमी क्लास में कृति ने किया ट्रेवल**

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कृति सेनन इंडिगो एयरलाइन की इकोनॉमी क्लास में एंट्री करती नजर आ रही हैं। दूसरे वीडियो में अभिनेत्री फ्लाइट में एक बच्चे के साथ खेलती दिखाई दे रही है। दोनों वीडियो के सामने आते ही लोगों ने अभिनेत्री की तारीफ़ करना शुरू कर दिया।फैंस ने अभिनेत्री की सादगी की तारीफ़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं बहुत से यूजर कृति को जमकर ट्रोल करते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं यूजर्स ने अभिनेत्री के इकोनॉमी क्लास में यात्रा करने पर हैरानी भी जताई है। इसके अलावा कुछ यूजर्स ने कृति की तारीफ़ करने वाले लोगों को लताड़ लगाते हुए लिखा कि वह इकोनॉमी क्लास में इसलिए ट्रेवल कर रही है क्योंकि इंडिगो में बिजनेस क्लास नहीं होती है।



**इंदौर में एक इवेंट में अटेंड करने गयी थी अभिनेत्री**

कृति सेनन इंदौर में दैनिक भास्कर का एक इवेंट अटेंड करने जा रही थी। इस इवेंट की भी कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में अभिनेत्री अपने सुपरहिट गाने %परम सुंदरी% पर फैंस के साथ डांस करती नजर आ रही है। इस दौरान कृति एक सफ़ेद रंग की वन पीस ड्रेस पहने हुए दिख रही है, जिसमें वह काफी खूबसूरत लग रही हैं। अभिनेत्री का नो मेकअप लुक यकीनन लोगों को आकर्षित करने वाला है।

## KKBKKJ में पलक की एक्टिंग देख भावुक हुईं श्वेता तिवारी, सौतेले पिता अभिनव कोहली ने दिया ये रिएक्शन





मल्टीस्टारर फिल्म किसी का भाई किसी की जान बड़े पर्दे पर रिलीज हो चुकी है। पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में बनी रहने वाली इस फिल्म में कई ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने पहली बार सलमान खान के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। इन्हीं में से एक पलक तिवारी भी हैं, जिन्होंने इसी मूवी से सिल्वर स्क्रीन पर डेब्यू किया है।

पलक, दिग्गज एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी हैं। ऐसे में ग्लैमर वर्ल्ड से उनका नाता नया नहीं है। चकाचौंध भरी दुनिया के माहौल के बीच पली बढ़ीं पलक तिवारी ने फिल्म किसी का भाई किसी की जान से फिल्मी दुनिया में पहला कदम रखा है। बीती रात कलाकारों और क्रू मेंबर्स के लिए फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई। इस दौरान कई कलाकारों में श्वेता तिवारी भी वहां मौजूद रहीं, और उन्होंने पलक तिवारी की डेब्यू परफॉर्मेंस पर अपनी प्रतिक्रिया शेयर की है।

**बेटी के डेब्यू पर श्वेता तिवारी का रिएक्शन**

बड़े पर्दे पर अपनी बेटी को अभिनय करता देख श्वेता तिवारी खुशी से फूली नहीं समाई हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट शेयर किए, जिसमें बेटी के डेब्यू की उन्होंने जमकर तारीफ की गई हो।

बेटी की एक्टिंग देख श्वेता तिवारी ने कहा, मैंने अपनी पीती उर्फ पलक तिवारी को मुस्कान के रोल में किसी का भाई किसी की जान में देखा। मुझे तुमपर गर्व है।श्वेता ने खुद तो पलक के अभिनय के लिए तारीफों के पुल बांधे ही। साथ ही उन पोस्ट को भी शेयर किया, जिसमें फैंस ने पलक की तारीफ की हो।

**अभिनव कोहली ने कही ये बात**

पलक तिवारी के सौतेले पिता के रूप में चर्चित अभिनव कोहली भी पलक तिवारी की परफॉर्मेंस देख खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, बिलकुल सही नैचुरल परफॉर्मेंस। इंग्लिश स्पीकिंग टू दिल से हिंदी स्पीकिंग- ब्रिलियंट (लेजेंड सतीश कौशिक के साथ सीन) किसी भी शॉट में एक भी गलत इमोशन नहीं।

डांस- ब्रिलियंट एवरी बीट- फेस इमोशन्स परफेक्टली ब्यूटिफुल और ऑन बीट- खासतौर पर यो यो हनी सिंह गाना। बेशक फिल्म इंडस्ट्री में आपको हीरोइन से बेहतर दिखने की इजाजत नहीं होगी। मगर इसमें किसी की गलती नहीं है।

**सलमान सर के साथ काम करना सपने के सच होने जैसा**

हाल ही में न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में पलक तिवारी ने बताया, सलमान खान के साथ स्क्रीन शेयर करने का अनुभव कैसा रहा। एक्ट्रेस ने कहा कि वह शुरू से ही सलमान खान के साथ काम करना चाहती थीं। उनके साथ काम करना सपने के सच होने जैसा है...ऐसे में किसी का भाई किसी की जान हमेशा स्पेशल रहेगा।

वह सेट पर आते थे, अपने जोक्स से सबको हंसाते थे। वह हमेशा हम सबकी मदद करते थे। हम सब उनके साथ बैठकर खाना खाते थे। मैं सलमान सर के साथ बिताए गए वक्त को हमेशा याद रखूंगी।

## छोटी उम्र में ही रच दिया इतिहास, एक्टिंग में भी गाढ़े झंडे, मी-2 कैंपेन ने बिगाड़ दिया करियर! अब कहां हैं Tanushree Dutta?



बॉलीवुड एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता बीते कुछ सालों से लगातार सुर्खियों में रही हैं. कभी मी-2 कैंपेन तो कभी कोर्ट केस को लेकर तनुश्री का नाम सामने आता रहा है. तनुश्री दत्ता ने केवल कई शानदार फिल्मों में एक्टिंग का जलवा बिखेरा है, बल्कि साल 2004 में मिस वर्ल्ड कॉम्पिटीशन में भारत को रीप्रिजेंट किया था.इस मिस वर्ल्ड के कॉन्टेस्ट में तनुश्री टॉप-10 में भी आई थीं. तनुश्री का जन्म झारखंड के जमशेदपुर के एक बंगाली परिवार में 19 मार्च 1984 को हुआ था. शुरुआती पढ़ाई जमशेदपुर में करने के बाद वे पुणे शिफ्ट हो गईं. पुणे में उन्होंने अपने कॉलेज की पढ़ाई पूरी की. इसके साथ ही साथ वे मॉडलिंग करने लगीं. 2004 में मिस इंडिया का खिताब जीतने के बाद उन्होंने एक्टिंग में करियर बनाने का फैसला किया. तनुश्री दत्ता ने फिल्म 'आशिक बनाया आपने' के बाद 'चॉकलेट' में काम किया. ये दोनों फिल्में 2005 में आई थीं.

**कई शानदार फिल्मों में किया काम**

इसके बाद उन्होंने 'भागम भाग', 'ढोल' और 'गुड ब्वॉय बैड ब्वॉय' जैसी फिल्में कीं. उनकी लास्ट फिल्म 2010 में आई 'अपार्टमेंट' थी. कई फिल्मों में काम करने के बाद भी तनुश्री को फिल्म इंडस्ट्री में वह मुकाम नहीं मिला, जो उन्हें मिलना चाहिए था. इसके बाद वे फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कहकर, अमेरिका शिफ्ट हो गईं. अब तनुश्री दत्ता के फिल्मों में कमबैक करने की चर्चा है.

**इस फिल्म में आखिरी बार नजर आईं थीं तनुश्री दत्ता**

तनुश्री आखिरी बार फिल्म 'अपार्टमेंट' में दिखाई दी थीं और अचानक ही फिल्मी दुनिया से गायब हो गईं. फिर अचानक तनुश्री को 2012 में एक इवेंट में देखा गया, जहां वह एक दम अलग ही अवतार में नजर आईं. बॉब कट बालों और साड़ी में तनुश्री को पहचानना भी मुश्किल था. इसके बाद तनुश्री फिर लंबे समय के लिए मीडिया की नजरों से दूर हो गईं. लेकिन, साल 2018 में वह उस वक्त अचानक सुर्खियों में आ गईं, जब उन्होंने नाना पाटेकर पर 2008 में फिल्म 'हॉर्न ओके प्लीज' के सेट पर उन्हें गलत तरीके से छूने का आरोप लगाते हुए भारत में मीटू अभियान की शुरुआत की. इसके साथ ही तनुश्री ने यह भी खुलासा किया कि कैसे उनके नाना पाटेकर के इस व्यवहार पर आवाज उठाने पर उन्हें फिल्म से निकाल दिया गया.

**बनते-बनते रह गईं मिस वर्ल्ड**

तनुश्री दत्ता ने स्कूल के समय से ही मॉडलिंग शुरू कर दी थी. साल 2003 आते-आते तनुश्री दत्ता ने बंगाली और हिंदी भाषा के कई ब्यूटी कॉन्टेस्ट में हिस्सा लिया. साथ ही लोकल कैंपेन के लिए भी मॉडलिंग की. इसके बाद तनुश्री ने मॉडलिंग कॉम्पटीशन्स में हिस्सा लेना शुरू कर दिया. साल 2004 में तनुश्री ने मिस इंडिया का खिताब जीता.

## ताल फिल्म की पहली पसंद नहीं थे अनिल कपूर-अक्षय खन्ना, 4 एक्ट्रेस को रहा होगा मलाल, 9 लोगों ने ठुकराया था ऑफर




फिल्म डायरेक्टर सुभाष घई (Subhash Ghai) की सुपरहिट म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म 'ताल' (Taal) करीब 24 साल पहले रिलीज हुई थी. फिल्म में अक्षय खन्ना (Akshaye Khanna), अनिल कपूर (Anil Kapoor), ऐश्वर्या राय बच्चन ( Aishwarya Rai Bachchan) जैसे सितारे लीड रोल में देखे गए थे. फिल्म में इन सभी ने शानदार एक्टिंग कर दर्शकों का दिल जीत लिया था. इसके साथ फिल्म कई दिनों तक बॉक्स ऑफिस पर छाई रही. हालांकि आज 24 साल बाद हम जो आपको बताने जा रहे हैं, उसे बेहद कम लोग ही जानते हैं. आपको जानकर हैरानी होगी कि लीड रोल में देखे गए ऐश्वर्या राय से लेकर अनिल और अक्षय कुमार फिल्म की पहली च्वाइस नहीं थे.'ताल' की कहानी से लेकर फिल्म के गाने सब जबरदस्त थे. बता दें इसके गाने इतने जबरदस्त थे कि इसके साउंडट्रैक की 40 लाख कैसेट बिकी थीं. फिल्म में ऐश्वर्या राय मानसी के रोल में बेहद खूबसूरत लगी थीं. वहीं एक्टर अक्षय खन्ना मानव के रोल में दिखे थे, जबकि विक्रांत कपूर के रोल में अनिल कपूर ने हर किसी का दिल जीत लिया था. लेकिन इन तीनों ही रोल को फिल्म के मेकर्स ने अलग-अलग सितारों को ऑफर किया था.

**ऐश्वर्या राय से पहले ये बनने वाली थीं मानसी ?**

imdb की रिपोर्ट्स के अनुसार, लीड रोल मानसी किरदार के लिए ऐश्वर्या राय से पहले सुभाष घई महिमा चौधरी को फिल्म में लेना चाहते थे. हालांकि जब उनसे बात नहीं बनी तो उन्होंने रोल मनीषा कोईराला को ऑफर किया. मगर अफसोस यहां भी बात नहीं बनी. इस बारे में 1998 में सैबल चटर्जी से बात करते हुए, एक बार सुभाष घई बताया था कि उन्होंने ताल के लिए ऐश्वर्या राय को क्यों चुना? उन्होंने कहा था, चार एक्ट्रेस को लेकर फिल्म की बातें चल रही थीं. मनीषा कोइराला, करिश्मा कपूर, करीना और महिमा चौधरी.

## आईसीआईसीआई बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 27 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही के दौरान उसका एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 27.64 प्रतिशत बढ़कर 9,852.70 करोड़ रुपये हो गया। मार्च तिमाही में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक का




एकल आधार पर शुद्ध लाभ लगभग 30 प्रतिशत बढ़कर 9,121.87 करोड़ रुपये रहा। समीक्षाधीन तिमाही में आईसीआईसीआई बैंक की कुल आय 36,108.88 करोड़ रुपये रही, जो इससे एक साल पहले इसी अवधि में 27,412.32 करोड़ रुपये थी। बैंक का कुल खर्च सालाना आधार पर 17,119.38 करोड़ रुपये से बढ़कर 22,282.50 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने बताया कि 31 मार्च, 2023 तक उसके कुल ऋणों में सकल गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) का हिस्सा 2.81 प्रतिशत था। यह आंकड़ा एक साल पहले इसी अवधि में 3.60 प्रतिशत और दिसंबर 2022 तिमाही में 3.07 प्रतिशत था।

## अनिश्चितताओं के बीच सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत सबकी नजर में : दीपक पारेख

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं के बीच प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेजी से वृद्धि कर रहा है और इसलिए पूरी दुनिया की नजर भारत पर है। जानेमाने बैंकर दीपक पारेख ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत को उसकी मजबूत खपत से मदद मिली है।उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक व्यवधानों से अछूता नहीं है, इसलिए वृद्धि कुछ कम हुई है। लेकिन भारत एक घरेलू खपत आधारित अर्थव्यवस्था है, और निर्यात पर बहुत अधिक निर्भर देशों की तुलना में यह वैश्विक अर्थव्यवस्था पर कम निर्भर है। एचडीएफसी लिमिटेड के चेयरमैन पारेख ने कॉन्क्लेव में कहा, एक देश के रूप में, हम भाग्यशाली हैं कि यहां विपरीत परिस्थितियों की तुलना में अधिक अनुकूल बातें ज्यादा देखने को मिल रही हैं। भारत के लिए सबसे अच्छी बात है कि हमारे यहां राजनीतिक स्थिरता है और मुझे 2024 में भी इसमें बाधा नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली अब बहुत मजबूत स्थिति में है और अच्छी तरह से पूंजीकृत है, फंसे हुए कर्ज अब बहुत कम हैं तथा प्रणाली मजबूती से विनियमित है। पारेख ने कहा कि सरकार देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए पूरी कोशिश कर रही है और देश ने भारतीय अर्थव्यवस्था को व्यवस्थित तरीके से कार्बन मुक्त करने के लक्ष्यों के साथ खुद को जोड़ लिया है।

## मारुति सुजुकी बलेनो आरएस मॉडल की 7,213 इकाई वापस मंगाएगी

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि वह बलेनो आरएस मॉडल की 7,213 इकाइयों को वापस मंगा रही है। कंपनी को आशंका है कि इस कार के वैक्यूम पंप (ब्रेक फंक्शन में मदद देने वाला पुर्जा) में खामी है। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया कि 27 अक्टूबर 2016 से एक नवंबर 2019 के बीच विनिर्मित इस मॉडल के वाहनों को वापस लिया जाएगा। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा, ''ऐसी आशंका है कि ब्रेक फंक्शन में मदद करने वाला वैक्यूम पंप में संभवतः खराबी है। प्रभावित वाहन में ब्रेक पैडल को दबाने में मुश्किल भी आ सकती है।'' कंपनी ने कहा कि प्रभावित वाहनों के मालिकों को मारुति सुजुकी की अधिकृत डीलर कार्यशालाओं से खराब कलपुर्जों को बदलने के बारे में जानकारी मिलेगी। इन्हें निःशुल्क बदला जाएगा। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि वह 24 जून 2022 से सात जुलाई 2022 के बीच विनिर्मित अर्टिगा और एक्सएल6 मॉडल के 676 वाहनों के लिए सर्विस अभियान भी चलाएगी, उसमें भी आगे के ड्राइवशाफ्ट में खामी होने की आशंका है। इस वर्ष जनवरी में कंपनी ने आल्टो के10, एस-प्रेसो, इको, ब्रेजा, बलेनो और ग्रांड विटारा में एयरबैग कंट्रोलर में खामी की वजह से 17,362 इकाइयां वापस ली थीं।

## पीयूष गोयल ने कहा- जल्द ही रुपये में होगा अंतरराष्ट्रीय व्यापार

**नई दिल्ली/राजकोट।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग एवं कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने उम्मीद जताई है कि कारोबारी जल्द ही रुपये में विदेशी व्यापार का निपटान कर सकेंगे। गोयल ने कहा कि विभिन्न देशों के कई बैंक भारतीय बैंकों के साथ विशेष वोस्ट्रो खाते खोल रहे हैं। पीयूष गोयल ने कपास मूल्य श्रृंखला की पहल की समीक्षा के लिए गुजरात के राजकोट में आयोजित कपड़ा सलाहकार समूह (टीएजी) के साथ छठी संवाद बैठक के बाद यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह बात कही। गोयल ने कहा कि हम जल्द ही कई देशों के साथ रुपये में अंतरराष्ट्रीय व्यापार होते हुए देखेंगे।

उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने ब्रिटेन, सिंगापुर और न्यूजीलैंड सहित 18 देशों के संबंधित बैंकों के साथ विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता (एसआरवीए) खोलने के 60 अनुरोधों को मंजूरी दी है।



वाणिज्य मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बैंक इस मुद्दे पर विभिन्न देशों में अपने समकक्षों के साथ चर्चा कर रहा है। गोयल ने आगे कहा कि यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और कनाडा जैसे विकसित क्षेत्रों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत 'उन्नत' चरणों में है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया भारत के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता करना चाहती है। उन्होंने कपड़ा क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजना के दूसरे चरण के बारे में कहा कि बहुत जल्द योजना की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

## अब अरुणाचल प्रदेश में सुधरेगी कनेक्टिविटी

### 336 सीमावर्ती जिलों में शुरू होगी 4जी सेवा, लगाए जाएंगे 254 मोबाइल टॉवर

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के लगभग 336 सीमावर्ती गांवों में 4जी मोबाइल इंटरनेट सेवा शुरू की जाएगी। सरकार ने यहां 254 मोबाइल नेटवर्क टावरों को चालू किया। सरकार ने 2,675 करोड़ रुपये से अरुणाचल प्रदेश के 3,721 से ज्यादा गांवों में 2,605 मोबाइल 4जी टावर स्थापित करने की परियोजना को मंजूरी दी है। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने एक समारोह में 254 मोबाइल टावरों का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, 'आज जो टावर शुरू किए गए हैं, उनमें से ज्यादातर सीमावर्ती क्षेत्रों में हैं। उन्होंने कहा, ईटानगर जैसे हमारे जिला मुख्यालयों पर 4जी सेवा पहले ही शुरू हो चुकी है। हमारा लक्ष्य अब तक बिना संपर्क वाले और दुर्गम



इलाकों तक संपर्क बढ़ाना है।' कार्यक्रम में केंद्रीय दूरसंचार एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद थे। वैष्णव ने कहा कि परियोजना में दुर्गम इलाके शामिल हैं, और संयुक्त प्रयासों से यह सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के लिए नई रेल परियोजनाएं तैयार हैं, और इन पर तेजी से काम किया जाएगा।

## अक्षय तृतीया पर दिल्ली के सर्राफा बाजारों में 998 करोड़ के कारोबार का अनुमान

**एआईजेजीएफ का अनुमान- देशभर में 14.5 हजार करोड़ की सोने-चांदी की हुई बिक्री**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली सहित देशभर के सर्राफा बाजारों में अक्षय तृतीया पर जोरदार रौनक देखने को मिली। धनतेरस के बाद सोने-चांदी की ज्वेलरी की बिक्री के मामले में दिल्ली अव्वल रहा। राजधानी के सर्राफा बाजारों में कुल 998 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जिसमें 868 करोड़ रुपये का 1400 किलोग्राम सोना और 130 करोड़ रुपये के 17 टन चांदी की बिक्री हुई है। वहीं देश में करीब 14.5 हजार करोड़ रुपये की ज्वेलरी के कारोबार का अनुमान है। ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन (एआईजेजीएफ) के

AIJGF
Affiliated to CAIT

राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया कि अक्षय तृतीया पर दिल्ली में करीब 998 करोड़ रुपये और देशभर में 14.5 हजार करोड़ रुपये के करोबार होने का अनुमान है। अक्षय तृतीया का पर्व दो दिन शनिवार और रविवार सप्ताहंत पर पड़ने के साथ ईद भी पड़ने से देशभर के सर्राफा बाजारों में ग्राहकों की जोरदार आमद दर्ज की गई है। देशभर में कुल 4 लाख छोटे बड़े ज्वेलर्स हैं, जिनमें एक लाख 60 हजार के करीब बीआईएस रजिस्टर्ड व्यापारी और लगभग 2 लाख 40 हजार गैर रजिस्टर्ड सर्राफा कारोबारी हैं।

अरोड़ा ने बताया कि सोने-चांदी की छोटे-बड़े मध्यम सभी ज्वेलर्स की एवरेज 4 लाख रुपये प्रति ज्वेलर्स की सेल रही है। इस तरह पूरे देश में लगभग 14.5 हजार करोड़ रुपये की ज्वेलरी और बुलियन का व्यापार होने का अनुमान है। सोने-चांदी के भाव इस बार ज्यादा होने के बावजूद ग्राहकों में लाइटवेट ज्वेलरी की मांग सबसे ज्यादा रही। सर्राफा कारोबारियों के ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए लोकलुभावन ऑफर्स की वजह से अच्छी बिक्री हुई है। व्यापारियों ने पोलकी और कुन्दन लाल एंड सन्स ज्वेलरी का भी अच्छा कलेक्शन किया था। इस मौके पर निवेशकों ने बुलियन और सिक्के का रुख किया है।

## यस बैंक का मुनाफा चौथी तिमाही में 45 फीसदी घटकर 202 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के यस बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान किया है। यस बैंक का मुनाफा जनवरी-मार्च तिमाही में 45 फीसदी घटकर 202.43 करोड़ रुपये रहा है। इसके पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में बैंक को 367.46 करोड़




रुपये का मुनाफा हुआ था। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान उसका शुद्ध लाभ 32.7 फीसदी घटकर 717 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने कहा कि कर्ज के लिए प्रावधान बढ़ाने के चलते जनवरी-मार्च तिमाही और पूरे वित्त वर्ष के दौरान उसके मुनाफे पर असर पड़ा।वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय 15.4 फीसदी बढ़कर 2,105 करोड़ रुपये हो गई। इस तरह बैंक का गैर-ब्याज आय 22.8 फीसदी बढ़कर 1,082 करोड़ रुपये रही। बैंक ने कहा कि यह लगातार दूसरा साल है जब वह मुनाफा दर्ज करने में सफल रहा है।

## गुजरात और यूपी के बाद अदाणी समूह को राजस्थान से मिली बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की ओर से जयपुर अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे का परिचालन अदाणी समूह हस्तांतरित करने के सौदे को वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) से छूट दी गई है। अदाणी समूह के लिए यह एक बड़ी राहत होगी। एएआई ने अथॉरिटी फॉर एडवांस रूलिंग (एएआर) की राजस्थान पीठ से यह फैसला देने की मांग करते हुए कहा था कि मेसर्स अदाणी जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड को कारोबार के हस्तांतरण में जीएसटी से छूट प्रदान की जाए। जीएसटी कानून के तहत कारोबार को पूरी तरह या उसके स्वतंत्र हिस्से के रूप में हस्तांतरित करना एक सेवा मानी जाती है और ऐसी आपूर्ति को माल व सेवा कर से छूट मिलती है।

**50 साल के लिए अदाणी समूह को पट्टे पर दिया गया है जयपुर हवाई अड्डा**

आरएएआर ने 20 मार्च 2023 के अपने फैसले में आवेदक (एएआई) और मेसर्स अदाणी जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच 16 जनवरी, 2021 को हुए समझौते को जीएसटी से मुक्त रखने का निर्देश दिया है। अदाणी समूह ने अक्टूबर 2021 में एएआई से जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालन, प्रबंधन और विकास का काम अपने हाथ में लिया था। हवाई अड्डे को भारत सरकार की ओर से समूह को 50 साल की अवधि के लिए पट्टे पर दिया गया है।

**अहमदाबाद और लखनऊ हवाई अड्डों के मामले में भी मिली थी राहत**




एएआर की राजस्थान पीठ ने यह भी कहा कि 2021 और 2022 में एएआर की गुजरात और उत्तर प्रदेश पीठों ने भी फैसला सुनाया था कि एएआई और स्पेशल पर्पस व्हीकल (एसपीवी) के बीच व्यावसायिक व्यवस्था जरूरी सेवाओं का हस्तांतरण है। बता दें कि गुजरात एएआर और उत्तर प्रदेश एएआर अदाणी समूह को अहमदाबाद और लखनऊ एयरपोर्ट के संचालन के लिए अदाणी समूह को पहले ही ऐसी राहत दे चुके हैं। एएआई ने देश के छह हवाई अड्डों अहमदाबाद, लखनऊ, मंगलुरु, जयपुर, गुवाहाटी और तिरुअनंतपुरम हवाई अड्डों के संचालन, प्रबंधन और विकास का काम अदाणी समूह के हवाले कर दिया है। हालांकि एएआर की ओर से यह भी कहा गया है कि मेसर्स अदाणी जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की ओर से कर्मचारियों की सैलरी मद में हुई लागत की प्रतिपूर्ति के लिए जो चलान बनेंगे वे मैन पावर के भुगतान के दायरे में आएंगे इसलिए इस पर 18 प्रतिशत जीएसटी देय होगा।

## एसवीबी की मूल कंपनी के CEO व CFO ने पद छोड़ा, डूबने के बाद सरकार के नियंत्रण में है बैंक

**नई दिल्ली।** एसवीबी फाइनेंशियल ग्रुप के पास पिछले महीने तक सिलिकॉन वैली बैंक का स्वामित्व था। मार्च में बैंक में तालाबंदी की खबरों के बाद बाद अमेरिकी सरकार ने उसे अपने नियंत्रण में ले लिया था। अब एसवीबी फाइनेंशियल ग्रुप ने घोषणा की है कि उसके दो शीर्ष अधिकारियों ने अपना पद छोड़ दिया है। ये दो लोग कंपनी के पूर्व सीईओ ग्रेगरी बेकर और पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी (इस्तेहा) डैनियल बेक हैं, इन दोनों ने इस हफ्ते की शुरुआत में अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। जहां बेक ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दिया वहीं बेकर ने सीईओ और बोर्ड मेंबर दोनों पदों से बुधवार को अपना इस्तीफा दे दिया। कंपनी ने दोनों लोगों से कहा है कि वह अपनी सेवाओं के लिए एसवीबी से बिना कोई शुल्क लिए +आवश्यकतानुसार+ कॉर्पोरेट सलाहकार के रूप में बने रहें।




**कंपनी ने पुनर्गठन के लिए सलाहकार फर्म अल्वारेज एंड मार्सल को नियुक्त किया**

एसवीबी ने पिछले महीने चैप्टर 11 दिवालियापन संरक्षण के लिए आवेदन किया था और खुद के पुनर्गठन के लिए व्यापार सलाहकार फर्म अल्वारेज एंड मार्सल को नियुक्त किया। फिलहाल एएंडएम के निकोलस ग्रोसी को गुरुवार को एसवीबी का अंतरिम सीएफओ नामित किया गया।

**27 अप्रैल को होने वाली वार्षिक बैठक भी स्थगित की जाएगी**

कंपनी ने अंतरिम सीईओ का नाम नहीं लिया, लेकिन कहा कि ग्रोसी प्रभावी रूप से कंपनी को चलाएंगे, उन्हें कंपनी के पुनर्गठन का काम सौंपा गया है। कंपनी ने यह भी कहा कि वह अपनी वार्षिक बैठक को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करेगा, जो पहले 27 अप्रैल को निर्धारित थी। अमेरिका का सिलिकॉन वैली बैंक मार्च महीने में तालाबंदी की स्थिति में पहुंच गया था और इससे वैश्विक बैंकिंग संकट की शुरुआत हो गई।

हालांकि बैंक को दिवालियापन फाइलिंग में शामिल नहीं किया गया। अपने दिवालिया होने के समय एसवीबी फाइनेंशियल ने कहा था कि उसके पास असुरक्षित ऋण के रूप में 3.3 अरब डॉलर स्टॉक के रूप में 3.7 अरब डॉलर हैं जो पुनर्गठन की प्रक्रिया में समाप्त हो सकते हैं।

## इस साल भारतीयों को दस लाख से अधिक वीजा जारी करने की तैयारी : अमेरिकी अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका इस साल भारतीयों को 10 लाख से अधिक वीजा जारी करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। बाइडन प्रशासन में दक्षिण एशिया के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। उन्होंने भरोसा दिया कि बाइडन प्रशासन उन सभी भारतीयों के लिए छात्र वीजा की प्रक्रिया को इस गर्मी में पूरा कर देगा, जिनके विद्यालय सितंबर से शुरू होने हैं। दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने इस सप्ताह कहा कि वे कार्य वीजा को भी प्राथमिकता दे रहे हैं।

गौरतलब है कि भारत के आईटी पेशेवरों के बीच एच-1बी और एल वीजा की काफी मांग है। एच-1बी वीजा गैर-अप्रवासी वीजा है, जिससे अमेरिकी कंपनियों को खास विशेषज्ञता वाले पेशेवरों में विदेशी कामगारों की भर्ती करने की अनुमति मिलती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर




साल हजारों कर्मचारियों को भर्ती करने के लिए इस पर निर्भर रहती हैं। लू ने कहा, हम इस साल दस लाख से अधिक वीजा जारी करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। छात्र वीजा और अप्रवासी वीजा की रिकॉर्ड संख्या के साथ यह हमारे लिए अब तक सर्वाधिक है।

उन्होंने कहा कि ऐसे सभी भारतीयों के लिए छात्र वीजा की प्रक्रिया को इस गर्मी में पूरा कर दिया जाएगा, जिनके विद्यालय सितंबर से शुरू होने हैं। भारत में पहली बार वीजा आवेदन करने वालों के लिए प्रतीक्षा अवधि बढ़ रही है। अमेरिका जाने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों के मामले में भारत अब दुनिया में दूसरे स्थान पर है।

## निर्यात में सुस्ती के बावजूद अर्थव्यवस्था में लचीलापन बरकरार

**नई दिल्ली।** भारत की आर्थिक गतिविधि मार्च में लचीली रही, हालांकि निर्यात की कमजोर गति और बेरोजगारी में वृद्धि ने देश के लिए विकास के अनुमानों को घटा दिया है। अर्थव्यवस्था के कई मानक इस बात के संकेत दे रहे हैं कि भारत एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रही थी। ब्लूमबर्ग की ओर से संकलित आठ उच्च आवृत्ति संकेतकों वाले समग्र गतिविधि ट्रैकर इस बात की पुष्टि करता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मई के बाद पहली बार ब्याज दरों में 250 बेसिस अंकों की वृद्धि के प्रभाव का आकलन करने के लिए ब्याज दरों को स्थिर रखने का फैसला किया है। खुदरा और थोक महंगाई में भी महीनों बाद कमी दर्ज की गई है। पिछले हफ्ते वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कोशिश कर रही है कि अर्थव्यवस्था में तेजी बनी रहे, हालांकि उन्होंने ओपेक+ उत्पादन में कटौती और यूक्रेन में रूस के युद्ध से जुड़े प्रभाव पर चिंता भी जाहिर की।

## बैंक मित्र के पास आंखों की पुतलियों के जरिये पहचान की सुविधा उपलब्ध कराएगा State Bank

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) पेंशनधारकों एवं वरिष्ठ ग्राहकों को सहूलियत देने के लिए बैंकिंग प्रतिनिधि या ग्राहक सेवा केंद्र पर आंखों की पुतलियों के जरिये पहचान की सुविधा (आइरिस स्कैनर) उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर गौर कर रहा है। बैंक प्रतिनिधि के पास ही 'आइरिस स्कैनर' की सुविधा मिल जाने से वरिष्ठ ग्राहकों को बैंक शाखा जाने की जरूरत नहीं रह जाएगी। वे अपने नजदीकी बैंक मित्र केंद्र से ही पेंशन निकाल पाएंगे। एसबीआई ने एक बयान में कहा कि वह अपने बैंक मित्र संचालकों के पास 'आइरिस




स्कैनर' लगाने के विकल्प का परीक्षण कर रहा है। इससे वरिष्ठ ग्राहकों एवं पेंशनधारकों की चुनौतियों में कमी आएगी। 'आइरिस स्कैनर' की मदद से किसी व्यक्ति की आंखों की पुतलियों के जरिये पहचान की पुष्टि की जा सकती है। हाल ही में ओडिशा के नबरंगपुर जिले में एक बुजुर्ग महिला अपनी पेंशन निकालने के लिए बैंक मित्र के पास गई थी लेकिन अंगुलियों की पुष्टि नहीं हो पाने से उन्हें काफी समस्या का सामना करना पड़ा था। बैंक ने कहा कि इस तरह की स्थिति से बचने के लिए आइरिस स्कैनर लगाने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं।

